संख्या-9/1-ई.एम./2013-का-4-2013

प्रेषक,

राजीव कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 12 नवम्बर, 2013

विषय:-राज्य कर्मचारियों के कतिपय संगठनों द्वारा की जा रही हड़ताल के संबंध में।

महोदय,

राज्य कर्मचारियों के कतिपय संगठनों द्वारा आज दिनांक 12.11.2013 से हड़ताल की जा रही है। उक्त हड़ताल से निपटने के लिए समुचित दिशा-निर्देश समसंख्यक पत्र/शासनादेश दिनांक 10.11.2013 एवं दिनांक 11.11.2013 द्वारा आपको दिये जा चुके हैं।

2. उपर्युक्त के संबंध में आपसे यह अनुरोध करने का मुझे निदेश हुआ है कि अपने मण्डल से संबंधित जनपदों से संबंधित सूचना एकत्र कर निर्धारित प्रपत्र पर तैयार कर तथा यदि कोई उल्लेखनीय/महत्वपूर्ण घटना हो, तो उसका भी तथ्यात्मक उल्लेख प्रपत्र के नीचे टिप्पणी के रूप में करते हुए, अधोहस्ताक्षरी के फैक्स संख्या-0522-2239288 पर तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें। यह भी अनुरोध है कि उक्त सूचना प्रतिदिन सांय 5.00 बजे तक उक्त फैक्स संख्या पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक:-यथोपरि।

भवदीय,

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव

संख्या-1-ई.एम./2013(1)-का-4-2013, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि, समस्त जिलाधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेशर कि अपने जनपदों की सूचना निर्धारित प्रपत्र पर अपने मण्डलायुक्त को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(राजीव कुमार)
प्रमुख सचिव

प्रपत्र

विभाग का नाम	कुल कार्मिकों की संख्या	हड़ताल में प्रतिभाग करने वाले कार्मिकों की संख्या	प्रतिशत	सर्वाधिक प्रभावित विभागों/कार्यालयों का विवरण

http://Shasanadesh.up.nic.in

http://Shasanadesh.up.nic.in